# 2016

## HINDI

( Major )

Paper : 6.3

**( Hindi Bhasha Evam Devanagari Lipi )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पूर्ण वाक्य में जवाब दीजिए : 1×7=7

(क) पूर्वी हिन्दी में कितनी बोलियाँ हैं?

(ख) ब्रज का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है?

(ग) एक अल्पप्राण ध्वनि का उदाहरण दीजिए।

(घ) 'न' किस प्रकार की व्यंजन-ध्वनि है?

(ङ) एक दंत्योष्ठ्य ध्वनि का उल्लेख कीजिए।

(च) 'उप' उपसर्ग जोड़कर दो शब्द लिखिए।

(छ) 'भालू' का बहुवचन क्या है?

**2.** संक्षेप में जवाब दीजिए : 2×4=8

(क) स्वर की एक परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए।

(ख) घोष और अघोष में क्या अंतर है?

(ग) महाप्राण ध्वनि से आप क्या समझते हैं?

(घ) कारक किसे कहते हैं? हिन्दी में प्रयुक्त कारकों का नामोल्लेख कीजिए।

**3.** संक्षेप में जवाब दीजिए : 3×5=15

(क) 'हिन्दी' शब्द की व्युत्पत्ति को स्पष्ट कीजिए।

(ख) सर्वनाम के भेदों का उल्लेख कीजिए।

(ग) वाक्य की एक परिभाषा देते हुए उसके अंगों का परिचय दीजिए।

(घ) कुटिल लिपि का तात्पर्य क्या है?

(ङ) देवनागरी लिपि का मतलब क्या है?

**4.** जवाब दीजिए : 10×3=30

(क) हिन्दी भाषा के उद्भव एवं विकास पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

पश्चिमी हिन्दी की बोलियों का सामान्य परिचय दीजिए।





(ख) व्यंजन-ध्वनि की परिभाषा देते हुए 'प्रयत्न' एवं 'स्थान' के आधार पर उसका वर्गीकरण कीजिए।

**अथवा**

उपसर्ग की परिभाषा देते हुए हिन्दी के उपसर्गों का सामान्य परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(ग) संज्ञा के वचन परिवर्तन के नियमों को सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालिए।

★★★